आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 27.05.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में पद्‌म पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- प्रदेश के राशन विक्रेताओं के बकाया लाभांश भुगतान के लिए 44 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि जारी।
- केदारनाथ यात्रा के दौरान स्वच्छता के लिए जिला प्रशासन की सराहनीय पहल, श्रद्धालुओं को दिए जा रहे निःशुल्क डिस्पोजल बैग।
- चमोली जिले में मौन पालन, काश्तकारों की आर्थिकी का मजबूत आधार बन रहा है।

**पद्‌म पुरस्कार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्‌म पुरस्कार प्रदान करेंगी। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्‌म पुरस्कार, तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं – पद्‌म विभूषण, पद्‌म भूषण और पद्‌म श्री। ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल तथा प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में दिए जाते हैं।

राशन विक्रेता धनराशि

कोविड के समय से रुके हुए प्रदेश के राशन विक्रेताओं के लाभांश का भुगतान जल्द होगा। शासन स्तर से इसके लिए 44 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी कर दी गई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि कोविड–19 महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत आवंटित खाद्यान्न पर अन्तर्राज्यीय परिवहन, लदाई धराई तथा सस्ता गल्ला विक्रेताओं के अतिरिक्त लाभांश की धनराशि का भुगतान नहीं हो पाया था। इसके लिए प्रदेश के राशन विक्रेता कई बार यह मांग उठा चुके थे। उन्होंने बताया कि हाल ही में राशन विक्रेता प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके उन्हें जल्द इस लाभांश के भुगतान का भरोसा दिलाया था। श्रीमती आर्या ने बताया कि भुगतान के लिए चालू वित्तीय में राज्य आकस्मिकता निधि से 44 करोड़ 46 लाख से अधिक की धनराशि की स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने अधिकारियों को जल्द ही बकाया लाभांश के भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न रेखीय विभागों, संबंधित एजेंसियों और जिलों की ओर से आपदा न्यूनीकरण से संबंधित प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने आपदा प्रबंधन सचिव को आपदा प्रबंधन से संबंधित फंड को समय से और समुचित मात्रा में जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलों और संबंधित पक्षों को निर्देशित किया कि आपदा प्रबंधन के कार्यों में तकनीकी समिति का सहयोग जरूर लें। मुख्य सचिव ने राज्य में आपदा प्रबंधन के कार्यों में संबंधित पक्षों का आपस में बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने पर बल दिया, ताकि आपदा प्रबंधन के कार्य तेजी से पूरे किए जा सकें।

## रि□वतखोर अधिकार बर्खास्त

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बागेश्वर के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल सुबोध शुक्ला द्वारा रिश्वत लेने के प्रकरण का संज्ञान लेते हुए कड़ा निर्णय लिया है। उनके निर्देशों के बाद संबंधित अधिकारी का बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया गया है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण जैसे संवेदनशील विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस तरह की किसी भी शिकायत पर तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोहराई न जाएं। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि सरकार, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## केदारनाथ यात्रा स्वच्छता

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना हुआ है। वहीं पांच लाख से अधिक तीर्थ यात्री बाबा केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन और जिला पंचायत स्वच्छता को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। यात्रा मार्ग और धाम क्षेत्र को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाए रखने के लिए कूड़े के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसी कड़ी में जिला पंचायत और अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष पहल शुरू की गई है। इसके तहत तीर्थ यात्रियों को निःशुल्क डिस्पोजल बैग वितरित किए जा रहे हैं। इन बैगों के माध्यम से श्रद्धालु अपने साथ उत्पन्न कचरे को सहज रूप से संग्रहित कर निर्धारित स्थलों पर रख सकते हैं, जिससे क्षेत्र की स्वच्छता बनी रहे। इस पहल से तीर्थ यात्रियों को भी सुविधा मिल रही है और वे जागरूक होकर स्वच्छता अभियान में योगदान दे रहे हैं। कूड़े के इन बैगों के निस्तारण के लिए विभिन्न स्थानों का चयन किया गया है, जिनमें जवाड़ी बाइपास, हाईटेक शौचालय तिलवाड़ा, हाईटेक शौचालय अगस्त्यमुनि, गुप्तकाशी, रायवाला बेंड और सांकरी प्रमुख हैं। इन स्थानों पर डिस्पोजल बैग आसानी से एकत्र किए जा सकते हैं। इस अभियान को धरातल पर उतारने के लिए अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारी संदीप भट्ट और जिला पंचायत अधिकारी प्रेम सिंह रावत स्वयं सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। दोनों अधिकारियों ने जवाड़ी बाइपास सहित अन्य चिन्हित स्थानों पर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए डिस्पोजल बैग वितरित किए।

## मौन पालन चमोली

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में मौन पालन काश्तकारों की आर्थिकी का मजबूत आधार बनने लगा है। मौन पालन कर काश्तकार कम लागत में अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। इसी कड़ी में चमोली जिले में सरकार की ओर से संचालित मौन पालन योजना के तहत 505 काश्तकार मधुमक्खी पालन कर शहद का उत्पादन कर रहे हैं।

चमोली जिले में उद्यान विभाग के पीडीओ योगेश भट्ट ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से काश्तकारों की आय बढ़ाने की मंशा से मौन पालन योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत सरकार की ओर से 40 प्रतिशत राजकीय सहायता पर मौन कॉलोनी यानी बॉक्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही योजना में आवेदन करने वाले काश्तकारों को मधुमक्खी पालन का सात दिवसीय प्रशिक्षण देने के साथ ही एक हजार पचास रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि काश्तकार मधुमक्खी पालन कर वर्तमान में करीब 250 कुंतल शहद का उत्पादन कर रहे हैं। जिसका काश्तकार 1200 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से विपणन कर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं। वहीं, काश्तकारों का कहना है कि मौन पालन कम मेहनत में बेहतर आय देने वाला कार्य है। साथ ही इसे व्यावसायिक स्तर पर करने पर विपणन की भी कोई परेशानी नहीं है।

## स्वीपिंग मशीन

राजधानी देहरादून को साफ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत है। अब निगम जल्द ही मुख्य सड़कों पर फैली गंदगी को दूर करने के लिए रोड स्वीपिंग मशीनें संचालित करने की योजना पर काम कर रहा है। नगर आयुक्त नमामी बंसल ने बताया कि शहर की सड़कों पर अक्सर गंदगी फैली रहती है, जिसे स्वीपिंग मशीन के ज़रिए साफ किया जाएगा।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों का दौरा करके आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस के संदेश के माध्यम से वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के प्रति पाकिस्तान के समर्थन को उजागर कर रहा है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने कल दक्षिण कोरिया, कुवैत, कतर, कांगो गणराज्य और स्लोवेनिया के नेताओं को आतंकवाद के किसी भी कृत्य का दृढ़ता से जवाब देने के भारत के नए सिद्धांत के बारे में जानकारी दी।